## बिहार विधान-सभा वादवृत्त ।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में बुधवार, तिथि १८ फरवरी, १९५३ को पूर्वाह्न ११ बजे में माननीय अध्यक्ष श्री विध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

### अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर ।
### Short Notice Questions and Answers.

---

#### सरकारी कर्ज की वसूली ।

११। **श्री नवल किशोर सिंह**—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या सरकार का ध्यान एक स्थानीय अंग्रेजी दैनिक तिथि, ४ फरवरी, १९५३ में प्रकाशित शीर्षक "रियलाईजेशन आफ गवर्नमेंट लोन्स ; आर्म्ड पुलिस पोस्टेड" समाचार की ओर गया है, यदि हां, तो वहां सशस्त्र सैनिकों को रखने की आवश्यकता क्यों पड़ी है ;

(ख) क्या यह बात सही है कि पारू और सकरा थानों में गत वर्ष की बाढ़ के कारण स्थिति सोचनीय हो गई और हाल में पड़े ओला के कारण मौजूदा फसलें भी मारी गई हैं ;

(ग) क्या यह बात सही है कि पारू थाने के पश्चिमी गांवों के खेती के लायक जमीन का एक बड़ा हिस्सा नारायणी नदी में कट चुका है और किसानों को न तो खेत है न कोई दूसरा काम ही है ;

(घ) क्या सरकार इन दोनों थानों में से सशस्त्र सैनिकों को हटाकर किसानों को एक साल की मोहलत देना चाहती है ताकि किसानों को सस्ते दर पर अपनी जमीन न बेचनी पड़े, यदि नहीं तो क्यों ?

**श्री कृष्ण बल्लभ सहाय**—(क) जो खबर अखबार में छपी हुई है उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित हुआ है। आर्म्ड पुलिस फोर्स केवल जो रुपया जमा होगा उसकी रक्षा करने के लिए पोस्ट किया गया है। जिनसे रुपया वसूल करता है या इसी तरह के दूसरे काम के लिये इस आर्म्ड पुलिस फोर्स की सहायता नहीं ली जाती है।

(ख) इसका उत्तर ना है।

(ग) इसका उत्तर ना है।

(घ) चूंकि उस क्षेत्र में धान की फसल अच्छी हुई है और रब्बी की फसल होने की संभावना है इसलिये कर्ज वसूली को बन्द करने का आदेश देने का विचार सरकार का नहीं है।

**श्री गदाधर सिंह**—कितनी आर्म्डे पुलिस वहां पर रुपये की रक्षा के लिये रखी गयी है ?

श्री यमुना राम—पेन्डिंग रहने का क्या कारण है ?

श्री कृष्ण बल्लभ सहाय—इसका उत्तर हम दे चुके हैं।

NUMBER OF RELIEF SCHEMES COMPLETED IN THE YEAR 1952-53 IN JAMUI SUBDIVISION.

*177. Shri CHANDRA SHEKHAR SINGH: Will the Minister, in charge of the Revenue Department, be pleased to state—

(a) the number of relief schemes taken up and the number of relief schemes completed in the year 1952-53 in Jamui Subdivision;

(b) whether Government consider the desirability of completing at least some of the incomplete schemes which are highly useful for irrigation and where the schemes have been stopped halfway;

(c) what steps will be taken regarding incomplete schemes in such areas which remain scarcity areas even this year and where relief is necessary?

Shri KRISHNA BALLABH SAHAY: (a) 375 relief schemes were taken up and 324 completed in the year 1952-53 in the Jamui Subdivision.

(b) Government have already issued instructions for the completion of relief schemes.

(c) The matter is under Government's consideration.

श्री चन्द्र शेखर सिंह—मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि इंकप्लीट स्कीम को पूरा करने के लिये डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को हिदायत तो दी गई है मगर उसके लिए उनके पास पैसे हैं कि नहीं ?

श्री कृष्ण बल्लभ सहाय—पैसे तो थे और उनको पैसा घटने पर सरकार के पास आने का मौका हर वक्त है।

श्री चन्द्र शेखर सिंह—क्या सरकार को जानकारी है कि नवम्बर महीने में जमुई में रिलीफ का काम बन्द कर दिया गया था ?

श्री कृष्णबल्लभ सहाय—बात सही है मगर कलक्टर को हिदायत दी गई है कि जो काम जैसे रोड कंस्ट्रक्शन, डिसइन्फेक्टिंग ऑफ टैंक्स, एटसे०, वे अगर इन्कमप्लीट रह गये हैं तो उन्हें खत्म कर दिया जाय क्योंकि काम खत्म न होने से जो रुपया उसमें लगाया गया है वह बरबाद हो जायगा।

श्री चन्द्र शेखर सिंह—मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि नवम्बर महीने में जो आदेश दिया गया था उसके मुताबिक एक भी स्कीम पूरा किया गया कि नहीं ?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—अभी मेरे पास रिपोर्ट नहीं है। मैं माननीय सदस्य को आश्वासन देना चाहते हैं कि अगर माननीय सदस्य चाहते हैं तो हम कलक्टर से रिपोर्ट मांगेंगे।

श्री सुखलाल सिंह—इन्कमप्लीट स्कीम को पूरा करने के लिए आदेश कब दिया गया है और रिलीफ के काम वन्द करने के लिये आदेश कब दिया गया है?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—रिलीफ के काम वन्द करने के लिये १५ नवम्बर को आदेश दिया गया था और अधूरा स्कीम को पूरा करने के लिये २१ नवम्बर को आदेश दिया गया था।

श्री सुखलाल सिंह—मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि सरकार का २१ तारीख के आदेश को डिस्ट्रीक्ट अफसर लोगों ने पालन किया कि नहीं?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—प्रश्न कर्त्ता के सुझाव के अनुसार हमने कह दिया कि कलक्टर से हम इसके बारे में रिपोर्ट मागेंगे।

---

महदह ग्राम के आम गैरमजरुआ पोखरे की मछली की बन्दोवस्ती।

*१७८। श्री राजाराम आर्य—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे, कि—

(क) क्या यह बात सही है कि मुखिया के अनुरोध करने पर भी सर्किल औफिसर ने शाहाबाद जिले के महदह ग्राम के आम गैरमजरुआ पोखरे की मछली का बन्दोवस्त कर दिया है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर 'हां' में है, तो क्या सरकार सर्किल औफिसर पर उचित कार्रवाई करने का विचार करती है?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(क) इसका उत्तर 'ना' है।

(ख) यह सवाल नहीं उठता।

---

भभुवर ग्राम गैरमजरुआ पोखरे की मछली की बन्दोवस्ती।

*१७९। श्री राजाराम आर्य—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि शाहाबाद जिलान्तर्गत महदह ग्राम पंचायत के अन्दर मौजा भभुवर के आम गैरमजरुआ पोखरे की मछली की बन्दोवस्ती डुमराव सर्किल औफिसर ने किया है;

(ख) क्या यह बात सही है कि आज से पहले कभी भी उस पोखरे की मछली की बन्दोवस्ती नहीं हुई है और कभी मारी भी नहीं गई है?